# LOS ANGELES काउंटी
# रजिस्टर-रीकॉर्डर/काउंटी क्लर्क

## मतपत्र ड्रॉप बॉक्स की जानकारी
### 4 नवम्बर 2025 राज्यव्यापी विशेष चुनाव

मतपत्र ड्रॉप बॉक्स मतदाताओं को उनके भरे हुए मतपत्र वापस करने के लिए एक सुरक्षित, सुगम और संपर्क रहित तरीका प्रदान करते हैं।

**मतपत्र ड्रॉप बॉक्स खुलने की तिथि: 2 अक्टूबर 2025**

**मतपत्र बॉक्स बंद होने की तिथि: 4 नवंबर 2025, रात 8 बजे**

Los Angeles काउंटी में

**418 ड्रॉप बॉक्स हैं**




**अपने नजदीकी मतपत्र ड्रॉप बॉक्स को खोजें:**
**LAVOTE.GOV/ DROPBOX**

## सुरक्षा और संरक्षा

- मतपत्रों को नियमित रूप से दो नामित RR/CC कर्मचारियों द्वारा एकत्र किया जाता है।
- हर स्थान पर बॉक्स को सीमेंट में मजबूती से जड़ा गया है या जंजीरों से सुरक्षित किया गया है।
- इन बॉक्सों को राज्य के नियमों में निर्धारित सुरक्षा विशेषताओं के अनुसार डिज़ाइन किया गया है।
- सभी बॉक्सों पर एक बाहरी कोटिंग होती है, जो स्थायी ग्राफिटी या क्षति को कम करने में मदद करती है।
- काउंटी सभी बॉक्सों की निगरानी और सुरक्षा के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों, नगरपालिकाओं, स्थानीय हितधारकों और सामुदायिक संगठनों के साथ मिलकर काम करती है।